




## सूर्यग्रहण के बाद खुले मंदिरों के कपाट

**संवाददाता**


रुड़की। सूर्यग्रहण के चलते शिक्षानगरी में गुरुवार करीब 11 बजे के बाद मंदिरों के कपाट खोले गए। मंदिरों की शुद्धता के बाद पूजा–अर्चना और आरती की गई। कपाट खुलते ही मंदिरों में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। गुरुवार सुबह सूर्यग्रहण के कारण शहर के सभी मंदिरों के कपाट बंद रहे। सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर सूर्यग्रहण समाप्त हुआ। इसके बाद शहर के साकेत स्थित दुर्गा चौक मंदिर, सिविल लाइंस के प्राचीन श्री सिद्धेश्वर महादेव शिव मंदिर, नहर किनारे स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर, रामनगर के राम मंदिर समेत अन्य मंदिरों की गंगाजल से शुद्धता व साफ–सफाई और धुलाई की गई। इसके बाद मंदिरों में पूजा–अर्चना और फिर आरती की हुई। सूर्यग्रहण समाप्त होने के बाद काफी संख्या में लोग मंदिरों में पहुंचे। देवी–देवताओं की आराधना की और दान दिया। उन्होंने बताया कि इस साल तीन सूर्यग्रहण पड़े।


# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# उत्तराखंड जबरदस्त शीतलहर की चपेट में

**शीतलहर**

## आठ शहरों में न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस से नीचे

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड जबरदस्त शीतलहर की चपेट में है। दिनभर बर्फीली हवा की चुभन बेचैन करती रही। प्रदेश में आठ शहरों में न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकार्ड किया गया। वहीं छह शहरों में अधिकतम तापमान दहाई के अंक को भी नहीं छू पाया। चमोली के जोशीमठ और कुमाऊं के मुक्तेश्वर में पारा शून्य से नीचे पहुंच गया है, जबकि अल्मोड़ा में यह शून्य के करीब रहा। मौसम विभाग के अनुसार मौसम का यह मिजाज आगे भी बना रहेगा।

गुरुवार सुबह से प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर बादल छाए रहे। पहाड़ से लेकर मैदान तक बर्फीली हवा डेरा डाले रही। मैदानी क्षेत्रों में सुबह और शाम कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। हालांकि दिन में हल्की धूप के दर्शन हुए, लेकिन इससे राहत का एहसास नहीं हुआ। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य से चार से पांच डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से औसतन एक से दो डिग्री सेल्सियस कम है। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर से मौसम फिर करवट बदलेगा। इस दौरान पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। शुक्रवार को भी प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी रहेगा। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी तो मैदानी इलाकों में घने कोहरे के आसार हैं।




**विभिन्न शहरों में तापमान**

| शहर | अधि. | न्यून. |
|---|---|---|
| दून | 14.3 | 6.2 |
| उत्तरकाशी | 11.4 | 1.8 |
| मसूरी | 07.4 | 1.2 |
| टिहरी | 09.8 | 1.6 |
| हरिद्वार | 14.2 | 5.2 |
| जोशीमठ | 06.1 | (–1.3) |
| पिथौरागढ | 13.8 | 0.8 |
| अल्मोड़ा | 09.2 | 0.3 |
| मुक्तेश्वर | 07.4 | (–0.2) |
| नैनीताल | 11.4 | 3.0 |
| यूएसनगर | 13.6 | 7.8 |
| चम्पावत | 09.4 | 1.0 |

# श्रद्धापूर्वक मनाया वीर क्रान्तिकारी शहीद उधम सिंह का जन्म दिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी**

रुद्रपुर। इंग्लैण्ड जाकर जलियावाला बाग काण्ड के दोशी जनरल ओ डायर को मौत के घाट उतारने वाले वीर क्रान्तिकारी शहीद उधम सिंह का जन्म दिन जनपदभर में भावपूर्ण तरीके से श्रद्धापूर्वक मनाया गया। उनकी प्रतिमाओं पर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला मुख्यालय कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी डा. नीरज खैरवाल, मेयर रामपाल सिंह, विधायक राजकुमार ठुकराल, राजेष शुक्ला, एडीएम जगदीष चन्द्र काण्डपाल, उत्तम सिंह चौहान, ओसी कलैक्ट्रेट एनएस नबियाल, एसडीएम मुक्ता मिश्र एवं अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि शहीद उधम सिंह ने भारत मां को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिये जिस तरह अपना बलिदान दिया वह दुनिया के इतिहास में अनूठा है। उनकी जीवन गाथा युगों–युगों तक भारत के युवाओं में देशा भक्ति का ज्वार भरती रहेगी। जिलाधिकारी डा. नीरज खैरवाल ने कहा कि शहीद उधम सिंह समेत देश के महान क्रान्तिकारी एवं सेनानियों के सपनों का भारत बनाने की चुनौती आज भी हमारे सामने खड़ी है। हमें भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को कायम रखने का संकल्प लेना होगा।

विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि वीभत्स जलियावंला बागकाण्ड के प्रत्यक्षदर्शी क्रान्तिकारी शहीद उधम सिंह का देश प्रेम व देश भक्ति का जज्बा प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि उधम सिंह ने देश की अस्मिता के खातिर अपने प्राणों का उत्सर्ग किया। ऐसे वीर सेनानियों को देश पर नाज है। विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा शहीद उधम सिंह का नाम दुनियां में विख्यात है। ऐसे क्रान्तिकारी शहीदों के सपनों को साकार करना हम सबका दायित्व है।

## 14 किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

**संवाददाता** रुद्रपुर। पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान एक युवक के पास से 14 किलो गांजा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि उसका साथी फरार होने में कामयाब हो गया। कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ एनडीपी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। यातायात पुलिस के हेड कांस्टेबल नारायण दत्त जोशी टीम के साथ बीती शाम रामनगर रोड पर अनन्या होटल के सामने वाहन चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति खड़े दिखाई दिए, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने भाग रहे एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। आरोपी के कब्जे से लाल काले रंग के बैग से 14 किलो गांजा बरामद किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम मनोज सिंह रौतेला पुत्र तारा सिंह निवासी मासु जाली द्वाराहाट अल्मोड़ा बताया और फरार आरोपी का नाम शेर बताया गया है। यातायात पुलिस के हेड कांस्टेबल जोशी ने दोनों आरोपियों खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## न्यूज डायरी

### रंगारंग कार्यक्रमों के बीच धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**संवाददाता** देहरादून। आईटी चिल्ड्रेन एकेडमी, राजेश्वर नगर का 14वां वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। आज नगर निगम प्रेक्षागृह में आईटी चिल्ड्रेन एकेडमी, राजेश्वर नगर फेज एक आईटी पार्क, सहस्त्रधारा रोड का 14 वॉ वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के बीच धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर नगर निगम सुनील उनियाल गामा एवं उनकी धर्मपत्नी शोभा उनियाल 'गामा' ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत एक्शन डांस, वृक्ष बचाओं कार्यक्रम, भॉगड़ा, रेट्रो रिमिक्स डांस पर सभी अभिवावक एवं अतिथियों ने खड़े होकर खूब तालियॉ बजाई एवं बहुत प्रसन्न हुए। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया।

### तहसील में पेयजल को तरस रहे लोग

**संवाददाता** हरिद्वार। हरिद्वार तहसील से 156 गांव के हजारों लोग जुड़े हैं। तहसील में हर दिन सैकड़ों की तादात में लोग पहुंचते हैं। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि तहसील में पेयजल व अन्य मूलभूत सुविधाएं लोगों को नहीं मिल पा रहीं है। लोगों के सामने सबसे ज्यादा परेशानी पीने के पानी की रहती है। हरिद्वार तहसील में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, दो नायब तहसीलदार सहित 70 कर्मचारी बैठते हैं। तहसील से 156 गांव भी जुड़े हैं। बावजूद तहसील में सुविधाओं का टोटा है। तहसील परिसर में मात्र एक जगह प्याऊ लगा है, जसमें दो टोंटी में से एक गायब है, उसमें भी पानी नहीं आ रहा है। जिससे यहां आने वाले किसान, महिलाएं व अन्य लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ता है।

### सीएए के समर्थन में निकाला जुलूस

**संवाददाता** गोपेश्वर। भारतीय जनता पार्टी ने नागरिकता संशोधन कानून के समर्थन में नगर में जुलूस निकाला। डिग्री कॉलेज के निकट शगुन वेडिग प्वाइंट से ढोल–नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला गया। यह जुलूस बस स्टेशन से गोपीनाथ मंदिर और नगर के सभी मार्गों पर निकला गया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून से ऐसे लोगों को भारतीय नागरिकता का लाभ मिलेगा, जो वर्षों से यहीं रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रही है। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश मंत्री और देवरा के विधायक विनोद कंडारी, भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट, अनुसूया प्रसाद भट्ट, प्रेम बल्लभ भट्ट, डीपी पुरोहित, टीका प्रसाद मैखुरी समेत कई भाजपाई शामिल थे।